समाचार

लोक सुराज अभियान

तुलसीनगर व आनंदनगर में लगाए गए शिविर

(महापौर ने आनंद नगर के शिविर में पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं, अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की)

कोरबा 03 मई 2016 –शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लोक सुराज अभियान 2016 के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज सामुदायिक भवन तुलसीनगर एवं सामुदायिक भवन आनंदनगर में शिविरों का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आनंदनगर के शिविर में पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने जनसमस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में कड़े निर्देश अधिकारियों को दिये, साथ ही शिविर में जिम्मेदार अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

शासन के निर्देशानुसार 02 मई से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में लोक सुराज शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज निगम के टी.पी.नगर जोनांतर्गत सामुदायिक भवन तुलसीनगर एवं बांकीमोंगरा जोनांतर्गत सामुदायिक भवन आनंद नगर में शिविरों का आयोजन किया गया। तुलसीनगर में आयोजित शिविर में जल प्रदाय के 02, विद्युत कार्य से संबंधित 01 एवं श्रम विभाग से संबंधित 09 यानी कुल 13 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसी प्रकार आनंदनगर में आयोजित शिविर में विद्युत कार्य के 05, जलकर के 09, सफाई संबंधित 03, सिविल कार्य के 27 एवं राजस्व संबंधित कार्यो के 31 यानी कुल 75 आवेदन इस शिविर में प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पत्रों को पंजियों में दर्ज किया गया तथा त्वरित निराकृत होने वाले आवेदनों का निराकरण मौके पर कराया गया।

महापौर ने आनंदनगर शिविर में पहुंचकर देखी व्यवस्थाए;– बांकीमोंगरा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 57 आनंदनगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित लोक सुराज शिविर में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। उन्होने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, शिविर में जिम्मेदार अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर महापौर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे शिविरों में अपनी अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होने वार्ड के पार्षदों को भी शिविर आयोजन की सूचना समय पर देने के संबंध में भी कड़े निर्देश अधिकारियों को दिये। आनंद नगर में

आयोजित शिविर के दौरान पार्षद गौमती भारद्वाज, पंचकुंवर पटेल, अमरजीत सिंह, बसंत चन्द्रा, चन्द्रकांत यादव, वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर वैष्णव, एम.पी. भारद्वाज, सूर्यभुवन पटेल, हैप्पी सिंह आदि के साथ अन्य नागरिकगण, निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

<u>निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर लगेंगे शिविर</u>– लोक सुराज अभियान 2016 के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों शिविरों के आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल निर्धारित कर लिये गये हैं। इसी प्रकार 04 मई को वार्ड क्र. 17 दुर्गा पण्डाल पथर्रीपारा, 05 मई को वार्ड क्र. 41 सार्वजनिक मंच कांजीघर के समीप, 09 मई को जोन कार्यालय कोरबा, 16 मई को सामुदायिक भवन मुड़ापार, 17 मई को वार्ड क्र. 24 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन में, 18 मई को वार्ड क्र. 48 सार्वजनिक मंच सुमेधा, 19 मई को शासकीय प्राथमिक शाला भवन भदरापारा, 20 मई को जोन कार्यालय बांकीमोंगरा, 23 मई को नवीन प्राथमिक शाला भवन पुरानी बस्ती कोरबा, 24 मई को जगन्नाथ मंदिर के समीप दादरखुर्द एवं 25 मई को जोन कार्यालय दर्री में शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा उक्त शिविरों का समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।